प्रेस नोट
जनपद सोनभद्र
दिनांक 14.11.2024

सोनभद्र पुलिस का अनवरत प्रहार- एसओजी व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 03 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 120 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये) बरामद-

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 चारू द्विवेदी के पर्यवेक्षण में दिनांक-14.11.2024 को एसओजी व थाना रॉबर्ट्सगंज की पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर परासी शहीद उद्यान के पास से 03 नफर अभियुक्त को 120 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन (अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-865/24 धारा 8/21/27ए/29/60 NDPS ACT का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है

पूछताछ का विवरण -

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अभियुक्ता मनीषा सिंह ने बताया कि चन्द्रकान्त गौतम व धर्मवीर उर्फ पंकज हमसे हीरोईन खरीदने के लिए प्रयागराज से रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र आये थे, जिन्हे 120 ग्राम हेरोईन देने के लिए मैं म्योरपुर से रॉबर्ट्संगज आयी थी इन लोगों के पास पैसा कम होने के कारण इन्हें मैने 90 ग्राम ही हेरोइन दी थी शेष 30 ग्राम हेरोइन अपने पास रख ली थी। हम लोग यहां से निकलने ही वाले थे कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। महिला ने बताया कि धर्मवीर उर्फ पंकज से मेरे पिता जितेन्द्र उर्फ मुन्ना कहार की मुलाकात गुरमा जेल सोनभद्र में हुई थी। जब दोनों जेल से बहार आये ते हेरोइन बेचना शुरू कर दिया।

चन्द्रकान्त ने पूछताछ में बताया कि वह इससे पहले जौनपुर से हेरोइन में, बरेली से नकली नोट में, बिहार से गांजा के प्रकरण में जेल जा चुका है। अपने मित्र धर्मवीर उर्फ पंकज के कहने पर रॉबर्ट्सगंज से हेराइन लेने आया था।

धर्मवीर उर्फ पंकज ने बताया कि इससे पहले वह थाना बभनी से गांजा के प्रकरण में जेल गया था वहीं पर उसकी मुलाकात जितेन्द्र उर्फ मुन्ना कहार से हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद हम दोनों ने हेरोइन बेचना शुरू कर दिया। अपने मित्र चन्द्रकान्त गौतम को हेरोन खरीदवाने के लिए आया था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय-

दिनांक 13.11.2024 समय 16.35 बजे दिन मे स्थान परासी शहीद उद्यान थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।

गिरफ्तारी का विवरण-

1. मनीषा सिंह पुत्री जितेन्द्र चन्द्रवंशी (कहार) निवासी ग्राम कुंडाडीह थाना म्योरपुर जिला सोनभद्र उम्र करीब 29 वर्ष।
2. चन्द्रकान्त गौतम पुत्र शोभनाथ पता मुनाई थाना मांडा प्रयागराज जनपद प्रयागराज उम्र करीब 43 वर्ष।
3. धर्मवीर उर्फ पंकज सरोज पुत्र विमला शंकर सरोज पता टिकेरी, थाना मांडा जिला प्रयागराज उम्र करीब 35 वर्ष।

इसमें 03 वांछित अभियुक्त हैं, जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र राय थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
2. प्रभारी निरीक्षक राम स्वरूप वर्मा एसोजी शाखा जनपद सोनभद्र
3. उ0नि0 कमल नयन दुबे चौकी प्रभारी कस्बा थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
4. हे0का0 रमेश चन्द्र यादव थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
5. हे0का0 मनीष कुमार थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
6. का0 जय प्रकाश सरोज एसोजी शाखा जनपद सोनभद्र
7. का0 सत्यम पाण्डेय एसोजी शाखा जनपद सोनभद्र
8. का0 शैलेश थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
9. म0का0 प्रियंका थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।